दिन– मंगलवार                                                    दिनांक– 25 / 11 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 07:30 बजे से।                                    अवधि– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वज फहराया। कहा– भारतीय सभ्यता के पुनर्जागरण का प्रतीक है यह ध्वज।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा – अगले पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को नौकरी और रोजगार देने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए रोडमैप बनाया जा रहा है।

03. राज्य सरकार ने रोजगार सृजन और उद्योगों के विकास के लिए लिया अहम निर्णय। पच्चीस नई चीनी मिले खोली जायेंगी। नौ बंद पड़ी चीनी मिलों का भी होगा पुनरूद्धार।

04. और, अठारहवीं विधानसभा का प्रथम सत्र एक दिसम्बर से पांच दिसम्बर तक चलेगा। पहले दिन नवनिर्वाचित विधायकों को दिलाई जाएगी सदस्यता की शपथ। दो दिसम्बर को होगा विधानसभा अध्यक्ष का निर्वाचन।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज उत्तर प्रदेश के अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वजा फहराई। यह मंदिर निर्माण के पूर्ण होने तथा सांस्कृतिक उत्सव और राष्ट्रीय एकता के एक नए अध्याय की शुरुआत का प्रतीक है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि यह ध्वज भारतीय सभ्यता के पुनर्जागरण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह पवित्र ध्वज इस बात का प्रमाण है कि अंततः असत्य पर सत्य की विजय होती है।

–––बाइट–––

आज संपूर्ण भारत, संपूर्ण विश्व राममय है। हर रामभक्त के ह्रदय में अद्वितीय संतोष है, असीम कृतज्ञता है, आपार अलौकिक आनंद है। सदियों के घाव भर रहे हैं। सदियों की वेदना आज विराम पा रही है। आज उस यज्ञ की पूर्ण आहुति है जिसकी अग्नि पांच सौ वर्ष तक प्रज्जवलित रही।

प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि लोकतंत्र इस देश के डीएनए में है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार प्रत्येक व्यक्ति, विशेषकर समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए काम कर रही है। श्री मोदी ने कहा कि राम भेदभाव नहीं करते और सरकार भी इसी भावना के साथ आगे बढ़ रही है।

–––बाइट–––

भारत लोकतंत्र की जननी है। मदर ऑफ डेमोक्रेसी है। लोकतंत्र हमारे डीएनए में है। साथियों अगर आप तमिलनाडु जाएंगे तो तमिलनाडु के उत्तरी हिस्से में उतिरमेरूर गांव है वहां हजारों वर्ष पहले का एक शिलालेख है। उसमें बताया गया है कि उस कालखंड में भी कैसे लोकतांत्रिक तरीके से शासन व्यवस्था चलती थी। लोग कैसे सरकार चुनते थे। लेकिन हमारे यहां तो मैग्ना कार्टा की प्रशंसा का ही चलन रहा।

इससे पहले, प्रधानमंत्री ने आज सुबह अयोध्या में एक रोड शो किया। प्रधानमंत्री ने सप्तमंदिर का दौरा किया और शेषावतार मंदिर में दर्शन किए। शेषावतार मंदिर देश में भगवान राम के दुर्लभ मंदिरों में से एक है। प्रधानमंत्री ने माता अन्नपूर्णा मंदिर में भी दर्शन किए और रामलला के गर्भगृह में दर्शन और पूजा–अर्चना की। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

जय श्री राम के जयघोष, शंख ध्वनि की गूंज और विश्व के विभिन्न कोनों से अयोध्या पहुंचे हजारों रामभक्तों की उपस्थिति के बीच, शुभ विवाह पंचमी के दिन और अभिजीत मुहूर्त में धर्म ध्वजा कार्यक्रम संपन्न हुआ। ये प्रक्रिया 11 बजकर 40 मिनट पर शुरू हुई, प्रधानमंत्री ने बटन दबाया और 11 बजकर 50 मिनट पर ध्वज पताका स्थापित हो गई, पूरी प्रक्रिया में 4 मिनट से अधिक का समय लगा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पुष्प वर्षा कर ध्वज को प्रणाम किया। दस फीट ऊँचे और बीस फीट लंबे समकोण त्रिभुजाकार धर्म ध्वज पर भगवान श्री राम के तेज और पराक्रम का प्रतीक सूर्य अंकित है। इस दीप्तिमान सूर्य की छवि के साथ ही कोविदारा वृक्ष की छवि भी अंकित की गई है। सुशील चन्द्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार, अयोध्या।

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आज हुई कैबिनेट की पहली बैठक में उद्योगों के विस्तार, तकनीकी विकास और रोजगार सृजन को गति देने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने मंत्रिमंडल की बैठक में लिये गए निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि रोजगार सृजन को गति देने के लिए राज्य में डिफेन्स कॉरिडोर, सेमीकन्डक्टर मैन्यूफैक्चरिंग पार्क, मेगा टेक सिटी का विकास किया जाएगा।

–––बाइट–––

श्री अमृत ने बताया कि राज्य को कृत्रिम बुद्धिमता–एआई के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने के लिए बिहार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मिशन की स्थापना का भी निर्णय लिया गया है।

–––बाइट–––

मुख्य सचिव ने बताया कि राज्य में बंद पड़ी नौ चीनी मिलों को पुर्नजीवित करने और पच्चीस नई चीनी मिल स्थापित करने से संबंधित प्रस्ताव को सहमति दी गयी है।

–––बाइट–––

कैबिनेट की बैठक में आज कुल दस प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी है।

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि नई सरकार राज्य में उद्योगों का बढ़ावा देने और अधिक संख्या में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए तेजी से कार्य कर रही है। नवगठित कैबिनेट की पहली बैठक के बाद सोशल मीडिया पोस्ट में श्री कुमार

ने कहा कि राज्य के युवाओं को अधिक से अधिक सरकारी नौकरी और रोजगार मिले। इसके लिए प्रयास तेज कर दिए गये हैं। उन्होंने कहा कि अगले पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को नौकरी और रोजगार देने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए रोडमैप बनाया जा रहा है। श्री कुमार ने कहा कि नई सरकार इस लक्ष्य को जरूर प्राप्त करेगी।

---

अठारहवीं विधानसभा का प्रथम सत्र एक दिसम्बर से पांच दिसम्बर तक चलेगा। पांच दिवसीय सत्र के पहले दिन प्रोटेम स्पीकर नरेंद्र नारायण यादव नवनिर्वाचित विधायकों को सदन की सदस्यता की शपथ दिलायेंगे। दूसरे दिन विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा। तीन दिसम्बर को राज्यपाल विधानमंडल के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगे। चार दिसम्बर को राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव और वाद–विवाद के बाद सरकार का उत्तर होगा। जबकि सत्र के अंतिम दिन पांच दिसम्बर को द्वितीय अनुपूरक बजट पर चर्चा के बाद इसे स्वीकृति दी जाएगी।

---

राज्य की नई सरकार के विभिन्न मंत्रियों का पदभार ग्रहण करने का सिलसिला आज भी जारी रहा। उप मुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने आज अपना पदभार ग्रहण किया। श्री चौधरी ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति हर हाल में बहाल की जाएगी।

———बाइट———

इधर, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री विजय कुमार चौधरी ने अपना पदभार संभाला। इस अवसर पर संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि सरकार के विकास कार्यों, योजनाओं और नीतियों की सही और पूरी जानकारी लोगों तक पहुंचाने का कार्य विभाग पारदर्शिता के साथ करेगा।

———बाइट———

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने भी कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने कहा कि जल्द ही बड़े पैमाने पर रिक्तियां निकालकर अस्पतालों में स्वास्थ्य कर्मियों की कमी को दूर किया जाएगा।

———बाइट———

कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने भी आज पदभार संभाल लिया। उन्होंने कहा कि राज्य में कृषि उत्पादन बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जाएगा। श्री यादव ने कहा कि राज्य का विकास खेतो से होकर ही गुजरता है।

———बाइट———

उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने अपना पदभार ग्रहण करने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि राज्य में निवेश का स्वस्थ माहौल बनाया जाएगा। इसके साथ ही नये उद्योगों की स्थापना की जाएगी।

———बाइट———

श्रेयसी सिंह ने आज अपनी दूसरी जिम्मेवारी खेल विभाग का कार्यभार संभाला। इस अवसर पर संवाददाताओं से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में खेल संरचना का विकास किया जा रहा है। वे इसे और आगे बढ़ायेंगी।

———बाइट———

---

पूर्व मुख्यमंत्री और विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी को अपना दस सर्कुलर रोड स्थित आवास खाली करने का आदेश दिया गया है। भवन निर्माण विभाग ने आज इस संबंध में आदेश जारी किया। विभागीय आदेश में कहा गया है कि श्रीमती राबड़ी देवी को विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष की हैसियत से पटना में उनतालीस हार्डिंग रोड स्थित आवास आवंटित किया गया है। विभाग ने कई मंत्रियों और नवनिर्वाचित विधायकों को भी आवास आवंटित कर दिया है।

---

प्रदेश के विभिन्न भागों में पश्चिमी हवा के प्रभाव से ठंड में बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अगले कुछ दिनों तक राज्य के विभिन्न स्थानों पर न्यूनतम तापमान में कमी की प्रवृति बनी रहेगी। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान अधिकांश स्थानों पर सुबह और शाम के समय हल्के से मध्यम स्तर का कुहासा छाये रहने की संभावना है।

---

शेखपुरा जिले में सिकनदरा–शेखपुरा पथ पर मनिअंडा गांव के पास ट्रक और ऑटो की भीषण टक्कर में ऑटो सवार पांच लोगों की मौत हो गयी। जबकि सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर धर्म ध्वज फहराया। कहा– भारतीय सभ्यता के पुनर्जागरण का प्रतीक है यह ध्वज।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा – अगले पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को नौकरी और रोजगार देने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए रोडमैप बनाया जा रहा है।

03. राज्य सरकार ने रोजगार सृजन और उद्योगों के विकास के लिए लिया अहम निर्णय। पच्चीस नई चीनी मिले खोली जायेंगी। नौ बंद पड़ी चीनी मिलों का भी होगा पुनरूद्धार।

04. और, अठारहवीं विधानसभा का प्रथम सत्र एक दिसम्बर से पांच दिसम्बर तक चलेगा। पहले दिन नवनिर्वाचित विधायकों को दिलाई जाएगी सदस्यता की शपथ। दो दिसम्बर को होगा विधानसभा अध्यक्ष का निर्वाचन।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।